GREEN LAWNS HIGH SCHOOL
FINAL EXAMINATION -2025 -2026
SUBJECT – HINDI

CLASS – 5 A,B,C **MARKS – 80**

TIME – 2 HOURS **DATE –**

NOTE : प्रश्न 1 से 4 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर आंसर शीट पर ही लिखिए और प्रश्न 5 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर question paper पर ही लिखिए ।

SECTION – A

प्र1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में निबंध लिखिए -[10]

1) यदि मेरे पंख होते

2) छुट्टी का दिन

3) मुंबई मेरा शहर

4) मेरा जन्मदिन

प्र 2) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]
।) दादी द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए ।

अथवा

2) परीक्षा में अच्छे अंक (marks) पाने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए ।

प्रश्न3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। [10]

एक बार एक केकड़ा समुद्र किनारे अपनी मस्ती में चला जा रहा था और बीच बीच में रुक रुक कर अपने पैरों के निशान देख कर खुश होता ।

आगे बढ़ता पैरों के निशान देखता उससे बनी डिज़ाइन देखकर और खुश होता,,,,, इतने में एक लहर आयी और उसके पैरों के सब निशान मिट गये।

इस पर केकड़े को बड़ा गुस्सा आया, उसने लहर से बोला, "ए लहर मैं तो तुझे अपना मित्र मानता था, पर ये तूने क्या किया, मेरे बनाये सुंदर पैरों के निशानों को ही मिटा दिया कैसी दोस्त हो तुम ।"

तब लहर बोली, " वो देखो पीछे से मछुआरे लोग पैरों के निशान देख कर ही तो केकड़ों को पकड़ रहे हैं,,, हे मित्र! तुमको वो पकड़ न लें, बस इसीलिए मैंने निशान मिटा दिए !

सच यही है कई बार हम सामने वाले की बातों को समझ नहीं पाते और अपनी सोच अनुसार उसे गलत समझ लेते हैं, जबकि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। अतः मन में वैर लाने से बेहतर है कि हम सोच समझ कर निष्कर्ष निकालें !
किसी के भी बारे में गलत न सोचे और कोई भी फैसला लेने से पहले सोच समझ कर फैसला ले ।।

प्र 1) केकड़ा कहाँ चल रहा था और क्या देख कर खुश हो रहा था ?
(2)
प्र 2) केकड़े ने लहर से क्या बोला ?
(2)
प्र 3) लहर ने केकड़े के प्रश्न का क्या उत्तर दिया ?
(2)
प्र 4) कई बार हम क्या गलती करते हैं ?
(2)
प्र 5) इस कहानी से आपको क्या सीख मिली ?
(2)

(अक्षरा हिन्दी पाठ्यपुस्तक)
प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [15]
i) नसरूद्दीन ने खरगोश के कान में क्या कहा ?
ii) जल को जादूगर क्यों कहा गया है ?
iii) चित्रकार शेर से बचकर कैसे भागा ?
iv) पाप बुद्धि धन को घर में क्यों नहीं लाना चाहता था ?
v) पंचों ने धर्मबुद्धि की प्रशंसा में क्या कहा ?

सूचना ; प्रश्न पत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए
नाम : ________________ **कक्षा :** ___________ **अनुक्रमांक :** _____

प्रश्न 5) निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए : [4]
शेर बहुत ____

____

____

____अभ्यास ।

प्रश्न 6)निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए । [5]

i) खिसियाकर शेर ने चित्रकार से क्या कहा ?

उत्तर ____

ii) हमारी पृथ्वी का कितना प्रतिशत भाग जल से ढका है ?

उत्तर ____

iii) परदेश से लौटते समय धन को कहाँ छिपाया गया?

उत्तर ____

iv) नाटक का आधार क्या है ? दोनों मित्र इंसाफ के लिए कहाँ गए ?

उत्तर ____

v) शेर चित्र बनवाने के लिए कैसे बैठ गया ?

उत्तर ____

प्रश्न 7) शब्दार्थ : [3]

i)खिसका – ________________ ii) कायर - __________________

iii) युक्ति – _________________ iv) कृषि - __________________

v) भाग्य – __________________ vi) अनुरोध - ________________

प्रश्न 8) किसने – किससे कहा लिखिए : [2]

i) " उस वृक्ष में बड़ा सा कोटर है । "

_____________________________ ने _________________________________

ii) " मियाँ ! क्या तुम इस खरगोश को हमें बेच सकते हो ?"

___________________________ ने _______________________________

प्रश्न9) निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने 'सही' तथा गलत के सामने 'गलत' लिखिए । [2]

i)हमारे बुजुर्ग वनस्पति में देवता का वास मानते हैं । [ ]

ii)पापबुद्धि ईमानदार तथा बुद्धिमान था । [ ]

प्रश्न 10) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1) निम्नलिखित शब्दों के **दो दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए- [3]

i) त्योहार - _____________________, _______________________

ii) पाठशाला - _______________________, ___________________

iii) हाथी - ______________________, ________________________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - [3]

i)मधुर x __________________ ii) पाना x ____________________

iii) सरल x __________________ iv) भारी x _____________________

v) लंबा x __________________ vi) आदान x _____________________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए एक शब्द लिखिए - [4]

i) केवल फल खाने वाला - _______________________________

ii) जो बड़ा भाई हो - ___________________________________

iii) जिसका आकार न हो - _______________________________

iv) जो मूर्ति बनाता है - ________________________________

4)निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए - [4]

i) दुम दबाकर भागना -

____

ii) लाल पीला होना -

____

iii) टोपी उछालना -

____

iv) हवा से बातें करना -

____

5) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए - [4]

i) घट - _______________________, _________________________

ii) पत्र - _________________________, ______________________

iii) बाल - ________________________, __________________________

iv) लाल _ ________________________, _________________________

6) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द रेखांकित कर उनके भेद लिखिए [4]

i) कुछ बच्चे खेल रहे हैं । ________________________________

ii) यह पेड़ बड़ा है । ________________________________

iii) मेहनती व्यक्ति सफल होते हैं । ______________________________

iv) मुझे एक लीटर दूध चाहिए । ________________________________